Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

अध्याय - 3 | अज्ञेय

QUIZ PART-02

1. **लेखक को अणु और रेवियम-धर्मी तत्वों का ज्ञान कैसे प्राप्त हुआ था?**
A. केवल व्यावहारिक अनुभव से
B. केवल पुस्तकों से
C. पुस्तकीय या सैद्धांतिक अध्ययन से
D. प्रयोगशाला के कार्य से (C)
व्याख्या : लेखक विज्ञान का विद्यार्थी था और उसे अणु व रेवियम-धर्मी तत्वों का ज्ञान पुस्तकीय/सैद्धांतिक रूप से था।

2. **लेखक ने युद्धकाल में सैनिकों को किस नदी में बम डालते हुए देखा था?**
A. गंगा
B. ब्रह्मपुत्र
C. गोदावरी
D. यमुना (B)
व्याख्या : लेखक ने युद्धकाल में सैनिकों को ब्रह्मपुत्र नदी में बम डालकर मछलियाँ मारते हुए देखा था।

3. **लेखक को हिरोशिमा का प्रत्यक्ष अनुभव कब हुआ?**
A. जब उसने किताबों में पढ़ा
B. जब उसने समाचारपत्र देखा
C. जब उसने जले हुए पत्थर पर छाया देखी
D. जब वह भारत लौटा (C)
व्याख्या : लेखक ने जले हुए पत्थर पर लंबी उजली छाया देखी, जिससे उसे विस्फोट का प्रत्यक्ष अनुभव हुआ।

4. **लेखक के अनुसार अनुभूति और अनुभव में क्या अंतर है?**
A. अनुभव केवल देखा-सुना है, अनुभूति संवेदना और कल्पना से आत्मसात की जाती है
B. अनुभव और अनुभूति समान हैं
C. अनुभूति कम महत्वपूर्ण है
D. अनुभव केवल कल्पना है (A)
व्याख्या : लेखक कहता है कि अनुभव केवल घटीत का होता है, जबकि अनुभूति संवेदना और कल्पना के सहारे आत्मसात की जाती है।

5. **हिरोशिमा में लेखक को किस वस्तु को देखकर गहरी चोट लगी?**
A. अस्पताल का दृश्य
B. जले हुए पत्थर पर छाया
C. सैनिकों का व्यवहार
D. मछलियों की मृत्यु (B)
व्याख्या : लेखक को जले हुए पत्थर पर छाया देखकर ऐसा लगा मानो इतिहास ने उसे थप्पड़ मारा हो।

6. **लेखक ने हिरोशिमा पर कविता कहाँ लिखी?**
A. जापान में
B. हिरोशिमा में
C. भारत लौटकर रेलगाड़ी में
D. किसी पुस्तकालय में (C)
व्याख्या : लेखक ने हिरोशिमा पर कविता जापान में नहीं बल्कि भारत लौटकर रेलगाड़ी में बैठते हुए लिखी।

7. **लेखक किस बात की परवाह नहीं करता कि उसकी कविता कैसी है?**
A. पाठकों की पसंद
B. कविता अच्छी है या बुरी
C. पुरस्कार मिलेगा या नहीं
D. संपादकों की राय (B)
व्याख्या : लेखक कहता है कि कविता अच्छी है या बुरी, इससे कोई मतलब नहीं, क्योंकि वह अनुभूति-प्रसूत है।

8. **लेखक के अनुसार अनुभव और अनुभूति के बीच की दूरी किससे पूरी होती है?**
A. समय से
B. कल्पना और संवेदना से
C. अध्ययन से
D. किसी व्यक्ति की मदद से (B)
व्याख्या : लेखक के अनुसार अनुभूति अनुभव की दूरी को संवेदना और कल्पना के सहारे पूरी करती है।

9. **लेखक ने किस घटना को अपने अनुभूति-प्रत्यक्ष में लाकर स्वयं को उसका भोक्ता माना?**
A. भारत की आज़ादी
B. हिरोशिमा का विस्फोट
C. सैनिकों का प्रशिक्षण
D. ब्रह्मपुत्र नदी का दृश्य (B)
व्याख्या : लेखक ने जली हुई छाया देखकर स्वयं को हिरोशिमा विस्फोट का भोक्ता माना।

10. **लेखक के अनुसार उसके लिए महत्वपूर्ण क्या है?**
A. कविता का विषय
B. कविता की शैली
C. कविता का अनुभूति-प्रसूत होना
D. कविता का प्रकाशन (C)
व्याख्या : लेखक के अनुसार उसके लिए कविता का अनुभूति-प्रसूत होना ही सबसे महत्वपूर्ण है।